प्रेषक:
वार्ड क्रमांक 08, दुर्गा नगर के समस्त नागरिक
अमलेश्वर, जिला – दुर्ग

प्रति,
माननीय मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, अमलेश्वर
पाटन, दुर्ग, छत्तीसगढ़
विषय: वार्ड क्रमांक 08, दुर्गा नगर की जर्जर सड़कों एवं जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु ज्ञापन।
महोदय,

सविनय निवेदन है कि वार्ड क्रमांक 08, भक्तमाता कर्मा के अंतर्गत आने वाले दुर्गा नगर क्षेत्र की सड़कों की स्थिति अत्यंत जर्जर एवं खस्ताहाल हो चुकी है। इन सड़कों पर गहरे गड्ढे, कीचड़ और जलभराव के कारण आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं। न तो पैदल चलना सुरक्षित है और न ही वाहनों का आवागमन संभव है।

स्थानीय जनता को स्कूल जाने वाले बच्चों, वृद्धजनों, और रोगियों को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति वर्षा के दिनों में और भी भयावह हो जाती है।

हम नागरिकगण यह पूछना चाहते हैं:

वार्ड में सड़क मरम्मत के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए?

यदि बजट का अभाव है, तो पालिका ने शासन को क्या प्रस्ताव भेजा?

और यदि यह काम प्राथमिकता में नहीं है, तो क्यों?

हमारी माँगें:

1. दुर्गा नगर की मुख्य और संपर्क सड़कों की तत्काल मरम्मत कराई जाए।
2. दुर्गा नगर में सड़क प्रकाश प्रबंधन अर्थात स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था कराई जाए।
3. कचरा और पानी जमा होने से कई बीमारियाँ फैल सकती हैं,
   इसलिए समय पर कचरा गाड़ी की समुचित व्यवस्था कराई जाए।
4. इस विषय में 7 दिवस के भीतर कार्यवाही की जानकारी सार्वजनिक रूप से साझा की जाए।
5. यदि संभव न हो, तो वार्ड को अस्थायी रूप से टैक्स मुक्त किया जाए, ताकि नागरिक स्व-वित्त पोषित मरम्मत कर सकें।

अन्यथा हम बाध्य होंगे कि जनहित में सामूहिक धरना, विरोध प्रदर्शन और जनजागरण अभियान चलाया जाए।

हमें प्रशासन से न्याय की आशा है।

भवदीय,
वार्ड क्रमांक 08, दुर्गा नगर के नागरिकगण
हस्ताक्षर - ______________________ ______________________